दाती ने कायम की

एकता की मिसाल

कौमी एकता की मिसाल को आगे बढ़ाते हुए रमजान के पाक महीने में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती महाराज की ओर से रोजा इफ्तारी का आयोजन किया गया। स्थानीय खैरादियों की मस्जिद के बाहर आयोजित रोजा इफ्तारी कार्यक्रम में शहर के रोजेदार बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में पूरी तरह से सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारे का माहौल था।

आपसी सद्भाव व भाईचारा हमारी पहचान :



दाती महाराज ने कहा कि मुस्लिम धर्म में रमजान का महीना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस माह में किए गये रोजे व नमाज की अदायगी से परवरदिगार से सहजता से मिलन हो जाता है। सभी धर्म आपस में प्रेमभाव बनाए रखने का संदेश देते हैं। हमें इस मौके पर परोपकार के साथ ही लोगों की भलाई का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा के लिए शनिधाम सदैव तैयार है। निर्धन व जरूरतमंद लोगों की सेवा व मदद करने से उन्हें जो सुकून मिलता है, उससे उनकी आत्मा में संतोष के साथ ही शांति भी प्राप्त होती है।



दाती महाराज के मुख्य अतिथ्य, प्रधान राजेश सिंह कच्छवाह, नगरपालिका अध्यक्ष मोहनलाल टांक, गुजरात के आईजी पुलिस अनिल प्रथम जूनागढ़, एसडीएम भागीरथराम विश्नोई, तहसीलदार राजेश डागा, बीडीओ प्रमोद दवे, नमा उपाध्यक्ष दिलीप दाधीच, युवा नेता नरेश ओझा, समाजसेवी विष्णु व्यास, पूर्व पार्षद सीमा सांदू, श्याम टांक, पार्षद सुनीता सोनी, पारस सोनी, राजेन्द्र परिहार, अशोक भाटी, नरपद सिंह ढैय्या सहित अन्य कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रोजेदारों को रोजा इफ्तारी कराई गयी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर पार्षद अब्दुल अजीज मोहम्मद यासीन छीपा, पप्पसा सिलावट, इंसाफ खां, बाबू मेहर, हाफिज टेलर, पाष्र्द रज्जब हुसैन, मोहम्मद इंसाफ, हाजी लियाकत अली, रमजान घोसी, अमीन खां, इकबाल शेख आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सराहना की। आगंतुक अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।